कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / प्रेसनोट / 2024 / 98 दिनांक : 02 / 07 / 2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोट :

कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के छात्रों ने किया रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. मुख्यालय का भ्रमण

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय का इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से संबंद्ध पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र राजनंद गांव, छत्तीसगढ़ के बी.एस.सी. कृषि के द्वितीय वर्ष के 78 विद्यार्थियों एवं 4 शिक्षकों द्वारा आज विश्वविद्यालय पुस्तकालय का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को केन्द्रीय पुस्तकालय के सभी विभागों एवं रेडियो आवृत्ति पहचान प्रणाली (आर.एफ.आई.डी.) के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे। इस दौरान उपस्थित विषय विशेषज्ञों ने छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत किया। सभी छात्र एवं शिक्षक विश्वविद्यालय की संरचना एवं गतिविधियों से प्रभावित हुए।